NATIONAL INSTITUTE OF AYURVEDA
DEEMED TO BE UNIVERSITY

VACANCY NOTIFICATION NO. 2/2024

PRELIMINARY TEST FOR THE POSTS OF ASSISTANT PROFESSOR IN DIFFERENT SUBJECTS ON 20-4-2025 (SUNDAY) AT JAIPUR

As already notified, the Preliminary Tests for the Posts of Assistant Professor in different Subjects notified in Vacancy Notification No. 2/2024 will be held as per the following Schedule. List of the Candidates found eligible for the Preliminary Test has already been posted on the Website of the Institute.

The Instructions to be followed for the Preliminary Test are enclosed herewith. Candidates should read and understand the Instructions carefully and should follow them strictly failing which candidates will not be allowed to appear in the Preliminary Test.

The List of Candidates whose Applications have been rejected due to various reasons was also posted on the Website of the Institute.

The Admit Cards for the Preliminary Test can be downloaded from the Website. Candidates should report for the Preliminary Test at the Reporting Time along with the Admit Card and also Proof of Identity like Aadhar Card, Voter ID Card, Driving Licence etc. without which they will not be permitted to appear in the Test.

SCHEDULE OF THE PRELIMINARY TEST

Date	**20 APRIL 2025 (SUNDAY)**
Time	**10 AM TO 11-30 AM** **(Reporting Time: 7-30 AM)**
Centre & Place	**National Institute of Ayurveda** **Jorawar Singh Gate, Amer Road** **JAIPUR 302002**

(JP SHARMA)
JOINT DIRECTOR(ADMN.)
15-4-2025

राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान
मानद विश्वविद्यालय

रिक्ति सूचना संख्या 2/2024

20–4–2025 की प्रारम्भिक परीक्षा के लिए सामान्य निर्देश

(अभ्यर्थियों हेतु)

1. परीक्षा केन्द्रों पर नकल की रोकथाम के लिए प्रभावी उपाय किये गये हैं। परीक्षा में नकल कराने के नाम पर ठगी कराने वाले गिरोह के किसी भी झांसे/बहकावे में नहीं आवें। किसी भी प्रकार से नकल करने का प्रयास न करें। नकल करने के प्रयास में पकड़े जाने पर आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के साथ आपकी परीक्षा निरस्त होने एवं संस्थान की आगे आयोजित होने वाली परीक्षाओं में भाग लेने से रोक लगने से आपका कैरियर समाप्त हो सकता है।

2. रेल/बस की छत या पायदान पर बैठकर/खड़े होकर यात्रा नहीं करें। परीक्षा केन्द्र पर एवं यात्रा के दौरान अनुशासन बनाये रखें अन्यथा आपके विरूद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज होने पर आपकी परीक्षा निरस्तीकरण की कार्यवाही भी की जा सकती है।

3. अभ्यर्थी रिपोर्टिंग समय के अनुसार परीक्षा हेतु रिपोर्टिंग करें ताकि तलाशी के उपरांत समय पर परीक्षा कक्ष में नियत स्थान पर बैठ सकें। परीक्षा प्रारम्भ होने के नियत समय होने के पश्चात् किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नही दिया जायेगा।

4. छटनी परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त अभ्यर्थियों की प्रामाणिकता/पहचान हेतु परीक्षा हॉल में प्रवेश से पूर्व एवं परीक्षा हॉल में परीक्षा देते हुए उनकी विडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी की जावेगी। यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा से पूर्व विडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी नहीं करवाता है तो उसे छटनी परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। अतः अभ्यर्थी को विडियोग्राफी/फोटोग्राफी करवाना अनिवार्य है।

5. परीक्षा केन्द्र में मान्य फोटोयुक्त पहचान पत्र के आधार पर पहचान सुनिश्चित हो जाने एवं तलाशी के उपरान्त ही प्रवेश दिया जावेगा। इस कार्य के लिए नियुक्त कार्मिकों को पूर्ण सहयोग दें। परीक्षा केन्द्र पर अपना प्रवेश–पत्र, एक मूल फोटोयुक्त पहचान–पत्र यथा वोटर आई डी कार्ड, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस आदि में से एक साथ लावें।

6. परीक्षा में ओ.एम.आर.शीट (O.M.R. Sheet) का प्रयोग किया जावेगा। O.M.R. Sheet में उत्तर एवं अन्य सूचनाएं अंकित करने हेतु अपने साथ नीले अथवा काले रंग की स्याही का पारदर्शी बॉल पेन लावें। इसके अलावा अन्य कोई सामग्री परीक्षा केन्द्र पर लाना निषिद्ध है।

7. परीक्षा केन्द्र में किसी भी तरह का सामान जैसे Mobile, Blue-Tooth Devices, Ear-Phone, E-Pen, E-Watch, Watch, Tabs, Spy-Camera, Camera, Calculator, Books, Notes, Purse, Hand-Bag, Belt, any type of Electronic Device, किसी भी प्रकार का आभूषण, कानों की बाली, गले की चैन, बेल्ट आदि निषिद्ध हैं। साथ ही अभ्यर्थी हवाई चपल (सिंगल सोल) पहन कर आवें एवं एक पारदर्शी ब्लू पेन अपने साथ लेके आवें ।

8. अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर जूते, जुराब, जैकेट, कोट, शॉल, स्कार्फ आदि पहन कर नहीं आवें । परीक्षा कक्ष में वार्तालाप पूर्णतया वर्जित है।

9. बुलावा–पत्र संस्थान वेबसाईट से डाउन लोड किया जा सकता है। डाक द्वारा बुलावा पत्र नही भेजा जायेगा।

नवीनतम एवं अद्यतन सूचनाओं की जानकारी के लिए संस्थान की वेबसाइट www.nia.nic.in का नियमित रूप से अवलोकन करतें रहें ।